# मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

## अल्प कालीन निविदा–सूचना

मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभाग में पंजीकृत अनुभवी फर्मों से, दिनांक 01.06.2016 को टू–बिड पद्धति पर निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निविदा आमन्त्रण की दिनांक से एक दिन पूर्व अपरान्ह 5:00 बजे तक प्राधिकरण की वैबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे। निविदायें निर्धारित दिनांक को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी और उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष/प्राधिकरण सभागार में, उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (14% वैट सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रोहटा रोड के दोनों ओर गॉडविन पब्लिक स्कूल से एन0एच0–58 तक आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कार्य। | 310.01 | 17.51 | 5800/- | 04 माह |

शर्तें:–

1. इच्छुक निविदादाताओं को अधिशासी अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ के पक्ष में निर्धारित धनराशि की विधिवत् बन्धक प्रतिभूति, एन0एस0सी0/राष्ट्रीकृत अथवा शेड्यूल बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0 अग्रिम धरोहर धनराशि के रूप में निविदा के साथ संलग्न करनी अनिवार्य होगी।
2. उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण के नाम, मेरठ में देय, निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि राष्ट्रीकृत अथवा शेड्यूल बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट, के रूप में निविदा के साथ संलग्न करना भी अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र प्राधिकरण कार्यालय से निर्गत नहीं किये जायेंगे, मात्र प्राधिकरण की वैबसाइट पर ही उपलब्ध रहेंगे।
4. निविदाओं को बिना कारण बतायें अस्वीकार करने या अनुबन्ध करने के लिये उचित शर्तें तय करने का अधिकार उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ को है।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
6. तकनीकी बिड/निविदा के साथ किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रपत्र/नवीनीकरण प्रपत्र, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व अनुमोदन के क्रम में तकनीकी बिड में आर0सी0सी0 नाले के कार्य हेतु 'समान प्रकृति' के कार्य का अभिप्राय होगा कि ठेकेदार द्वारा आर0सी0सी0 नाले (स्टार्म वाटर ड्रेन) का कार्य किया गया हो।
8. पूर्व अनुमोदन के क्रम में निविदादाता को निविदा के साथ **'Bank Liquidity'** का अद्यतन प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य होगा। प्राधिकरण में, वर्णित **'Liquidity'** से अधिक के कार्य प्रचलित होने की दशा में, निविदा अनर्ह कर दी जायेगी।
9. ठेकेदार द्वारा निविदत्त दरें बी0ओ0क्यू0 में वर्णित दरों से निम्न प्राप्त होने पर नियमानुसार परफोरमेन्स गारन्टी देय होगी।
10. कार्यो के विषय में विस्तृत शर्तें एंव अन्य विवरण सम्बन्धित खण्ड/अनुभाग के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
11. उपरोक्त निविदा सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.mdameerut.org.in पर उपलब्ध हैं।

मुख्य अभियन्ता,
मेरठ विकास प्राधिकरण,

पत्रांक: 486 /मु0अभि0–कार्या0/2016–17 दिनांक 13.5.2016

प्रतिलिपि:

1. उपाध्यक्ष/सचिव/वित्त नियन्त्रक महोदय को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता को इस आशय कि वह अपने स्तर से तत्काल सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र कम्प्यूटर अनुभाग में प्राधिकरण की वैबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. श्री शरद श्रीवास्तव, सहायक प्रोग्रामर को निविदा सूचना प्राधिकरण की वैबसाईट पर डालने एवं निर्धारित दिनांक व समय पर अपलोड करायी गयी निविदा प्रपत्रों को वैबसाईट से हटाने हेतु।
4. अवर अभियन्ता–रखरखाव को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य अभियन्ता,
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ।